भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2941**
दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नए हवाई अड्डों का विकास

2941. श्री ए.राजा:
श्री एस.रामलिंगम:
श्री ए.गणेशमूर्ति:
डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:
डॉ. टी.आर.पारिवेन्धर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश के भीतर 100 नए हवाई अड्डों को विकसित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख)प्रस्तावित हवाई अड्डों के नाम क्या हैं और इसके लिए तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि स्वीकृत किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या इन हवाई अड्डों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय-सीमा निर्धारित की गयी है और यदि हां; तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उत्तर चेन्नई सहित देश के भीतर इन हवाई अड्डों से होकर छोटे शहरों और गांवों को जोड़ने के लिए कुछ नए मार्गों को शुरू करने की योजना भी बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का तमिलनाडु में त्रिची हवाई अड्डे का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने इन हवाई अड्डों पर ड्रोन गलियारों को तैयार करने का लक्ष्य रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क)से (च): सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्कता को वहनीय बनाते हुए, इसको प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय समपर्कता योजना (RCS) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है। आरसीएस-उड़ान बाजार संचालित तंत्र है। इस योजना के अंतर्गत, एयरलाइनें विशेष मार्ग पर आवश्यक आपूर्ति की मांग और प्रकृति का आकलन करती हैं और उनके विश्लेषण के आधार पर समय-समय पर आयोजित होने वाली बोली प्रक्रिया में भाग लेती हैं। आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत, क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा 688 RCS मार्गों को अवार्ड किया गया है जिसमें 137 असेवित, अल्पसेवित हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और जलीय एयरोड्रोम सम्मिलित हैं। योजना के अंतर्गत,

आरसीएस उड़ान के प्रचालन के लिए तंजौर, वेल्लोर, नेवेली और रामनाड में तमिलनाडु के हवाई अड्डों को अवार्ड किया गया है।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 06 मार्च, 2017 को 4500 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर राज्य सरकारों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मौजूदा असेवित/अल्पसेवित हवाई अड्डों/ हवाईपट्टियों और सिविल एन्क्लेवों के पुनरुद्धार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कोई भी हवाईअड्डा जो उड़ान के अवार्ड किए गए मार्गों के अंतर्गत शामिल हैं उसका विकास "असेवित और अल्पअसेवित हवाईअड्डों के पुनरुद्धार" योजना के अंतर्गत किया जाता है।

तमिलनाडु में आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत अवार्ड किए गए मार्गों का विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) विशिष्ट मार्ग प्रस्ताव अथवा नेटवर्क प्रस्ताव के हिस्से के रूप में, लेटर ऑफ अवार्ड जारी किए जाने की तारीख के 180 दिन के भीतर अथवा हवाईअड्डे के तैयार हो जाने के 2 माह के भीतर, इनमें से जो भी बाद में हो, आरसीएस-उड़ान प्रचालन आरंभ करने के लिए बाध्य है, जब तक कार्यान्वयन अभिकरण द्वारा समय विस्तार की अनुमति न दे दी गई हो।

एएआई ने त्रिचि अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के अपग्रेडेशन का कार्य, अपने हाथ में ले लिया है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

(i) 2900 कंबाइंड पीक आवर पैसेंजर (2300 अंतर्राष्ट्रीरय और 600 घरेलू पैसेंजरों सहित) के कार्यों को सुकर बनाने के लिए एक नए केन्द्रीय वातानुकुलित मॉड्युलर समेकित टर्मिनल का निर्माण।

(ii) 10 बे, आइसोलेसन बे, एसोसिएटेड लींक टैक्सी वे, और ग्राउंड स्पोर्ट इक्विपमेंट एरिया के लिए एपरन।

(iii) नया वायु यातायात नियंत्रण टावर और तकनीकी ब्लॉक।

सरकार ने ड्रोन प्रौद्योगिकी में सुधार लाने के मद्देनजर, केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उद्योग जगत और अनुसंधान संस्थाओं के संबंध में कार्यान्वित किए जाने योग्य सिफारिशों के साथ एक रूपरेखा तैयार किए जाने के क्रम में अप्रैल, 2018 में ड्रोन कार्यबल गठित किया था। मार्च, 2019 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में, कार्यबल ने ड्रोन कोरिडोर और ड्रोन पोर्टस के बारे में अपनी सिफारिशें की। ड्रोन संबंधी विनियमों के संपूर्ण कार्यक्षेत्र का कार्यान्व्यन, डिजिटल स्काई प्लेटफार्म के माध्यम से किया जाता है।

*****

अनुबंध

लोकसभा लिखित के प्रश्न संख्या 2941 के उत्तर से संबंधित विवरण।

तमिलनाडु राज्य में आरसीएस-उड़ान के तहत अवार्डेड मार्गों की सूची

क्रम संख्या	**प्रस्थान हवाई अड्डा**	**आगमन हवाई अड्डा**
1.	चेन्नई	कडप्पा
2.	चेन्नई	मैसूर
3.	चेन्नई	सलेम
4.	सलेम	चेन्नई
5.	चेन्नई	कडपा
6.	चेन्नई	मैसूर
7.	चेन्नई	नेवेली
8.	चेन्नई	पांडिचेरी
9.	नेवेली	चेन्नई
10.	सलेम	बैंगलोर
11.	सलेम	पांडिचेरी
12.	चेन्नई	हुबली
13.	चेन्नई	हुबली
14.	चेन्नई	कन्नूर
15.	चेन्नई	कन्नूर
16.	चेन्नई	तंजौर
17.	चेन्नई	वेल्लोर
18.	तंजौर	चेन्नई
19.	वेल्लोर	बैंगलोर
20.	वेल्लोर	चेन्नई
21.	चेन्नई	दुर्गापुर
22.	तंजौर	बैंगलोर
23.	चेन्नई	रामनाद
24.	रामनाद	चेन्नई